Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding supply of ‘Chana’ to Aanganwadi Centres in Rajasthan -laid.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर): मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हू कि कोविड-19 संकमण के दौरान लगभग 10 महीने पहले असहाय गराब एवं जरूरतमंदो को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 19963 मीटिक टन और आत्मनिर्भर योजना में 3970 माट्रिक टन साबुत चना दिया था और इसके साथ ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के कार्ड-धारियों को भी एक-एक किलो चना दिया गया था ।

राजस्थान में पिछले लॉकडाउन में केन्द्र सरकार की ओर से भेजे गए चने को अब तक भी नहीं बांटा गया है और जब इस चने को 10 माह के बाद राजस्थान में लगभग 15 जिलों के आंगनवाड़ी केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को ऐसे चने बांटने का आदेश जारी किया है, जिन्हें जानवर भी नहीं खा सकते हैं । आप कल्पना कर सकते है कि 10 महीने तक यह चना राशन डीलरों के गोदामों में पड़ा था । जब वह खाने योग्य नहीं रहा उस चने को बांटा जा रहा है!

आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं का कहना है कि हम पर ऊपर से ही यही चना बांटने का दबाव है । राजस्थान के तमाम समाचार पत्रों में इस खबर को प्रकाशित किया जा रहा है ।

मेरा सरकार से यही आग्रह है कि इस मामले में जिस स्तर पर भी लापरवाही हुई है उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाये ताकि भविष्य में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ न हो साथ ही आपसे यही आग्रह करना चाहता हूं कि इस प्रकरण की एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर जांच कराई जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए

कि केन्द्रीय योजनाओं का लाभ समाज में अंतिम छोर तक निवास करने वाले हर जरूरतमंद तक पहुंचे ।